एलीगेटर गार फिश

कश्मीर की डल झील में पाई गई एक आक्रामक प्रजाति **एलीगेटर गार फिश (??????????????? ????????/*Atractosteus spatula*)** ने चिंता बढ़ा दी है।

- **झील संरक्षण और प्रबंधन प्राधिकरण (Lake Conservation and Management Authority- LCMA) तथा मत्स्य विभाग** द्वारा इसके आक्रमण की सीमा एवं संभावित प्रभाव को समझने हेतु सहयोग किया जा रहा है।

//

एलीगेटर गार फिश एवं इससे संबद्ध जोखिम:

- **परिचय:**
  - यह **एलीगेटर गार बॉलफिन प्रजाति से संबंधित है।** यह रे-फिनिड यूरीहैलाइन मछली है (ऐसे जीव जल की विस्तृत शृंखला, जो लवणता में भिन्न हो, में अनुकूलित होने की क्षमता रखते हैं), **यह उत्तरी अमेरिका में मीठे जल की सबसे बड़ी मछलियों में से एक है और "गार" परिवार की सबसे बड़ी प्रजाति है।**
    - यह भारत के कुछ हिस्सों जैसे- **भोपाल और केरल** में पाई जाती है।
  - ये काफी **तेज़ी से बढ़ते हैं और इनका जीवन काल 20 से 30 वर्ष** का होता है।
- **संरक्षण स्थिति:**
  - **IUCN:** कम चिंतनीय
- **चिंताएँ:**
  - इस प्रजाति की मछलियाँ **आठ फीट तक लंबी सकती हैं।** यह स्वदेशी मछली प्रजातियों के लिये खतरनाक हो सकती है। सर्दियों के दौरान यह डल झील के ठंडे जल में भी खुद को जीवित रख सकती है **क्योंकि ये ज़्यादातर 11-23 डिग्री सेल्सियस तापमान में रहती हैं।**
- **जैवविविधता अधिनियम, 2002:**
  - जैवविविधता अधिनियम, 2002 के अनुसार, **प्राकृतिक मछली आबादी को नुकसान पहुँचाने वाली आक्रामक मछली प्रजातियों की उपस्थिति प्रतिबंधित है।**

डल झील:

- यह **केंद्रशासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर की राजधानी श्रीनगर में स्थित एक झील** है।
- यह **विश्व की सबसे बड़ी प्राकृतिक झीलों में से एक** है और **जम्मू-कश्मीर की दूसरी सबसे बड़ी झील** है।
- यह कश्मीर में **पर्यटन एवं मनोरंजन का अभिन्न अंग** है तथा इसे **"कश्मीर का मुकुट" या "श्रीनगर का गहना"** नाम दिया गया है।
- यह **वाणिज्यिक मत्स्यन और जल संचयन संयंत्र गतिविधियों** हेतु भी एक प्रमुख स्रोत है।
- यह **18 वर्ग किलोमीटर के क्षेत्र** में फैली है और **तैरते हुए बगीचों** (floating gardens) सहित **एक प्राकृतिक आर्द्रभूमि का भाग** है।
  - **तैरते बगीचों (Floating Gardens)** को कश्मीरी भाषा में **"राड" (Raad)** के रूप में जाना जाता है जिनमें जुलाई और अगस्त के दौरान कमल के फूल खिलते हैं।

स्रोत: डाउन टू अर्थ

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/alligator-gar-fish